चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ...दैनिक जागरण...

दिनांक ...23-10-2020... पृष्ठ संख्या ...4... कॉलम ...5-6...

# कोरोना से निपटने के लिए आंकड़ों को रखा जाए दुरुस्त

जागरण संवाददाता, हिसार : विश्वसनीय व उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आंकड़े किसी भी शोध परिणाम की उपयोगिता के लिए सबसे पहली जरूरत है। सांख्यिकीय आंकलन किसी भी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक पहलू है। इसके लिए हमें सांख्यिकीय क्षमता को मजबूत करने व नई प्रौद्योगिकी के विकास करने की आवश्यकता है। यह बातें चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कही।

विश्वविद्यालय में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस पर विज्ञानियों को संबोधित कर रहे थे। इसमें विज्ञानियों ने बताया कि कोविड-19 से निपटने के लिए सांख्यिकीय आंकड़ों का दुरुस्त होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के पूर्व अध्यक्ष डा. बीके हुड्डा, शेर-ए-कश्मीर कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष डा. मनीष कुमार शर्मा, केरल कृषि विश्वविद्यालय त्रिशूर के सह-प्राध्यापक डा. बी. जोशफ व जम्मू विश्वविद्यालय के डा. प्रमिल कुमार शामिल हुए।

**आह्वान**

- एचएयू में तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस का आयोजन
- आज पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया



कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति प्रोफेसर समर सिंह। • पीआरओ

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम......पंजाब केसरी......

दिनांक 23.10.2020 पृष्ठ संख्या....4....कॉलम....7-8....

# विश्वसनीय व उच्च गुणवत्ता वाले शोध आंकड़ों की सबसे पहली जरूरतः प्रो. समर सिंह

## एच.ए.यू. में तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस का आयोजन

हिसार, 22 अक्तूबर (ब्यूरो): विश्वसनीय व उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आंकड़े किसी भी शोध परिणाम की उपयोगिता के लिए सबसे पहली जरूरत हैं। सांख्यिकीय आकलन किसी भी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक पहलू है। इसके लिए हमें सांख्यिकीय क्षमता को मजबूत करने व नई प्रौद्योगिकी के विकास करने की आवश्यकता है।

ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर समर सिंह ने व्यक्त किए। वह विश्वविद्यालय में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस पर वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे इस दिशा में और अधिक मेहनत व लगन से नई खोज करें ताकि विश्व स्तर पर डाटा का आदान-प्रदान कृषि शिक्षा, चिकित्सा विज्ञान, वाणिज्य और सामाजिक विज्ञान की खोजों के लिए किया जा सके।



*प्रतिभागियों को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति प्रो. समर सिंह।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.........अमर उजाला.........

दिनांक 23.10.2020 पृष्ठ संख्या......4...... कॉलम......4-5......

# सांख्यिकी आकलन देश का आवश्यक पहलू : प्रो. समर

हिसार। विश्वसनीय व उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आंकड़े किसी भी शोध परिणाम की उपयोगिता के लिए सबसे पहली जरूरत है। सांख्यिकी आकलन किसी भी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक पहलू है। यह बात चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कही। वे वीरवार को मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस पर वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि वे इस दिशा में ओर अधिक मेहनत व लगन से नई खोज करें, ताकि आंकड़ों का आदान-प्रदान हो सके। ब्यूरो



प्रो. समर सिंह।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर

दिनांक 23.10.2020 पृष्ठ संख्या 2 कॉलम 7-8

तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस पर एचएयू के वीसी ने कहा-

# विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले शोध आंकड़ों की सबसे पहले जरूरत

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि विश्वसनीय व उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आंकड़े किसी शोध परिणाम की उपयोगिता के लिए सबसे पहली जरूरत है। सांख्यिकीय आंकलन किसी भी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए आवश्यक पहलू हैं। इसके लिए हमें सांख्यिकीय क्षमता को मजबूत करने व नई प्रौद्योगिकी के विकास करने की आवश्यकता है। प्रो. समर सिंह विश्वविद्यालय में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस पर वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभाग की ओर से पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी.के. हुड्डा, शेर-ए-कश्मीर कृषि प्रौद्योगिकी विवि के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार शर्मा, केरल कृषि विश्वविद्यालय त्रिशूर के सह-प्राध्यापक डॉ. बी. जोशफ व जम्मू विश्वविद्यालय के डॉ. प्रमिल कुमार शामिल हुए। सभी वैज्ञानिकों ने डाटा की विश्वसनीयता और सांख्यिकी विश्लेषण के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम के लिए 100 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया।

## मांगों को लेकर 25 को एकत्रित होंगे डेयरी संचालक

हिसार| पशु डेयरी एसोसिएशन की मीटिंग प्रधान नंद प्रकाश पाहवा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 25 अक्टूबर को जनरल मीटिंग बुलाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी डेयरी मालिकों से अनुरोध किया गया कि मुलतानी चौक पार्क के पास नंदी डेयरी फार्म में सुबह 10 बजे समय पर पहुंचने का कष्ट करें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ....हैलो हिसार....
दिनांक 23.10.2020 पृष्ठ संख्या ....—.... कॉलम ....—....

# विश्वसनीय व उच्च गुणवत्ता वाले शोध आंकड़ों की सबसे पहली जरूरत : प्रोफेसर समर सिंह

हैलो हिसार न्यूज



हिसार : विश्वसनीय व उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आंकड़े किसी भी शोध परिणाम की उपयोगिता के लिए सबसे पहली जरूरत है। सांख्यिकीय आंकलन किसी भी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक

**एचएयू में तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस का आयोजन**

पहलू है। इसके लिए हमें सांख्यिकीय क्षमता को मजबूत करने व नई प्रौद्योगिकी के विकास करने की आवश्यकता है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस पर वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे इस दिशा में ओर अधिक मेहनत व लगन से नई खोज करें ताकि विश्व स्तर पर डाटा का आदान-प्रदान कृषि शिक्षा, चिकित्सा विज्ञान, वाणिज्य और सामाजिक विज्ञान की खोजों के लिए किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी.के. हुड्डा, शेर-ए-कश्मीर कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार शर्मा, केरल कृषि विश्वविद्यालय त्रिशूर के सह-प्राध्यापक डॉ. बी. जोशफ व जम्मू विश्वविद्यालय के डॉ. प्रमिल कुमार शामिल हुए। सभी वैज्ञानिकों ने डाटा की विश्वसनीयता और सांख्यिकी विश्लेषण के बारे में विस्तारपूर्व चर्चा की ।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार**
**लोक संपर्क कार्यालय**

समाचार पत्र का नाम ......एच आर ब्रेकिंग......


दिनांक ...23.10.2020... पृष्ठ संख्या ......—...... कॉलम ......—......

# विश्वसनीय व उच्च गुणवत्ता वाले शोध आंकड़ों की सबसे पहली जरूरत : प्रोफेसर समर सिंह

एचआर ब्रेकिंग न्यूज

**एचएयू में तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस का आयोजन**

हिसार। विश्वसनीय व उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आंकड़े किसी भी शोध परिणाम की उपयोगिता के लिए सबसे पहली जरूरत है। सांख्यिकीय आंकलन किसी भी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक पहलू है। इसके लिए हमें सांख्यिकीय क्षमता को मजबूत करने व नई प्रौद्योगिकी के विकास करने की आवश्यकता है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित तीसरे विश्व सांख्यिकी दिवस पर वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे इस दिशा में और अधिक मेहनत व लगन से नई खोज करें ताकि विश्व स्तर पर डाटा का आदान-प्रदान कृषि शिक्षा, चिकित्सा विज्ञान, वाणिज्य और सामाजिक विज्ञान की खोजों के लिए किया जा सके।



प्रतिभागियों को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते कुलपति प्रोफेसर समर सिंह।

**पैनल डिस्कशन में आंकड़ा विश्लेषण पर हुआ मंथन**

*कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी.के. हुड्डा, शेर-ए-कश्मीर कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार शर्मा, केरल कृषि विश्वविद्यालय त्रिशूर के सह-प्राध्यापक डॉ. बी. जोशफ व जम्मू विश्वविद्यालय के डॉ. प्रमिल कुमार शामिल हुए। सभी वैज्ञानिकों ने डाटा की विश्वसनीयता और सांख्यिकी विश्लेषण के बारे में विस्तारपूर्व चर्चा की और कहा कि कोविड-19 महामारी की स्थिति और समस्या से निपटने के उपायों के लिए विश्वसनीय सांख्यिकी जानकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के लिए 100 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। विभागाध्यक्षा डॉ. मन्जू सिंह टोंक ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह, वैज्ञानिकों एव सभी प्रतिभागियों का ऑनलाइन रूप से भाग लेने पर स्वागत किया।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम......दैनिक भास्कर......

दिनांक 23.10.2020 पृष्ठ संख्या......2...... कॉलम......4......

## क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता आज

सिटी रिपोर्टर • एचएयू के इंदिरा चक्रवर्ती गृहविज्ञान महाविद्यालय की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसका आयोजन पारिवारिक संसाधन विभाग के तहत इवेंट मैनेजमेंट में कौशल विकास के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा के मार्गदर्शन व देखरेख में होगा। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर किरण सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला लिया है। इसमें भाग लेने के लिए प्रतिभागी को अपनी मास्क बनाते हुए की 10 से 15 सेकंड का वीडियो और मास्क की फोटो विभाग की ई-मेल आईडी पर 23 अक्टूबर की शाम पांच बजे तक भेजना अनिवार्य है।

EDUCATION Update

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ........पंजाब केसरी........

दिनांक ..23.10.2020.. पृष्ठ संख्या ......4...... कॉलम ...3-4...

## क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता आज

हिसार, 22 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के इंदिरा चक्रवर्ती गृहविज्ञान महाविद्यालय की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन पारिवारिक संसाधन विभाग के तहत इवैंट मैनेजमैंट में कौशल विकास के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफैसर मंजू मेहता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कालेज की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा के मार्गदर्शन व देख-रेख में होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को अपनी मास्क बनाते हुए की 10 से 15 सैकेंड का वीडियो और मास्क की फोटो विभाग की ई-मेल आई.डी. पर 23 अक्तूबर की शाम पांच बजे तक भेजना अनिवार्य है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........

दिनांक 23.10.2020 पृष्ठ संख्या......4...... कॉलम......3......

# विद्यार्थियों के बीच मास्क बनाओ प्रतियोगिता आज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन 23 अक्तूबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन पारिवारिक संसाधन विभाग के तहत इवेंट मैनेजमेंट में कौशल विकास के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा की देखरेख में होगा। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते मास्क पहनाना अनिवार्य है, ताकि वायरस का संक्रमण न फैले। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. किरण ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को अपनी मास्क बनाते हुए की 10 से 15 सेकंड का वीडियो और मास्क की फोटो विभाग की ई-मेल आईडी पर 23 अक्तूबर की शाम पांच बजे तक भेजना है। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....एच आर ब्रेकिंग....

दिनांक 23.10.2020 पृष्ठ संख्या.....—..... कॉलम.....—.....

# क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता 23 को एचएयू के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता

एचआर ब्रेकिंग न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के इंदिरा चक्रवर्ती गृहविज्ञान महाविद्यालय की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

प्रतियोगिता का आयोजन पारिवारिक संसाधन विभाग के तहत इवेंट मैनेजमेंट में कौशल विकास के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा के मार्गदर्शन व देखरेख में होगा। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते मास्क पहनाना अनिवार्य है ताकि वायरस का संक्रमण न फैल सके। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर किरण ऐसे में हर कोई स्टाइलिश, आकर्षक, बढ़िया, आरामदायक व सुरक्षात्मक मास्क पहनने की तम्मना रखता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला लिया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को अपनी मास्क बनाते हुए की 10 से 15 सेकंड का वीडियो और मास्क की फोटो विभाग की ई-मेल आईडी पर 23 अक्तुबर की शाम पांच बजे तक भेजना अनिवार्य है।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को मेरिट सर्टिफीकेट जबकि प्रतिभागियों को ई-सर्टिफीकेट दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लिंक को विभिन्न व्हटशप गुरुप व अन्य माध्यमों से अधिक से अधिक शेयर किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतियोगिता संबंधी अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी मोबाइल नंर 94163-45454 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ........ हैलो हिसार

दिनांक 23.10.2020 पृष्ठ संख्या .................. कॉलम ..................

# क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता 23 को

हैलो हिसार न्यूज

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के इंदिरा चक्रवर्ती गृहविज्ञान महाविद्यालय की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन पारिवारिक संसाधन विभाग के तहत इवेंट मैनेजमेंट में कौशल विकास के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा के मार्गदर्शन व देखरेख में होगा। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते मास्क पहनना अनिवार्य है ताकि वायरस का संक्रमण न फैल सके। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर किरण सिंह ने बताया कि कोरोना काल में जहां मास्क लगाना अनिवार्य है, तो ऐसे में हर कोई स्टाइलिश, आकर्षक, बढ़िया, आरामदायक व सुरक्षात्मक मास्क पहनने की तम्मना रखता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला लिया है।

**एचएयू के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.......पांच बजे.......

दिनांक 22.10.2020 पृष्ठ संख्या....—....कॉलम....—....

# क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता आज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के इंदिरा चक्रवर्ती गृहविज्ञान महाविद्यालय की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन पारिवारिक संसाधन विभाग के तहत इवेंट मैनेजमेंट में कौशल विकास के विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा के मार्गदर्शन व देखरेख में होगा। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते मास्क पहनना अनिवार्य है ताकि वायरस का संक्रमण न फैल सके। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर किरण सिंह ने बताया कि कोरोना काल में जहां मास्क लगाना अनिवार्य है, तो ऐसे में हर कोई स्टाइलिश, आकर्षक, बढ़िया, आरामदायक व सुरक्षात्मक मास्क पहनने की तम्मना रखता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से ऑनलाइन माध्यम से क्रिएटिव मास्क प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला लिया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को अपनी मास्क बनाते हुए की 10 से 15 सेकंड का वीडियो और मास्क की फोटो विभाग की ई-मेल आईडी पर 23 अक्टूबर की शाम पांच बजे तक भेजना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को मेरिट सर्टिफीकेट जबकि प्रतिभागियों को ई-सर्टिफीकेट दिए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ........ The Tribune ........

दिनांक ..22.10.2020.. पृष्ठ संख्या ....2.... कॉलम ....7-8....

## 3-DAY VIRTUAL TRAINING PROGRAMME

**Hisar:** Assistant Director (Horticulture) of Saina Nehwal Agricultural Technology Training and Education Institute of Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University here, Dr Surender Singh said along with adoption of traditional farming, farmers could also do mushroom farming so as to earn more profit. Besides this, unemployed youth can also start their own business after getting training about modern techniques required to do so. Dr Singh said this while addressing trainees in Hisar at the inauguration of a three-day online training programme organised on the subject of 'Mushroom Production Technique' held on Wednesday.